पत्र संख्या : 7ब/4702 यो०ज०सं०–07/16 69

**झारखण्ड सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

**सुखदेव सिंह,**
प्रधान सचिव

सेवा में,

**मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई राँची;**
संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी;
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड।

राँची, दिनांक : 27-06-16

विषय :– मॉग संख्या–50–जल संसाधन विभाग (लघु सिंचाई प्रभाग) के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष–4702– लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय लघु शीर्ष–796–जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना, उप शीर्ष–20–पुरानी लघु सिंचाई योजनाओं का सम्पोषण एवं पुर्नस्थापन कार्य, विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण, 45–निर्माण कार्य, विपत्र कोड 50P470200796200545 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 में व्यय हेतु निधि का आवंटन।

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2016–17 में व्यय हेतु बजट मुख्य शीर्ष **4702–लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय** के अंतर्गत परिशिष्ट–1 में दर्शाये गये लघु शीर्ष/उप शीर्ष के अधीन अंकित कार्यालयों को आवंटन संसूचित किया जाता है :–

| क्र० | मॉग संख्या/मुख्य शीर्ष | लघु शीर्ष/उप शीर्ष | विस्तृत शीर्ष/विपत्र कोड | आवंटित राशि (लाख रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 50–जल संसाधन विभाग (लघु सिंचाई प्रभाग) / 4702– लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय | 796–जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना /20 – पुरानी लघु सिंचाई योजनाओं का सम्पोषण एवं पुर्नस्थापन कार्य, | 05–निर्माण, 45–निर्माण काय, विपत्र कोड 50P470200796200545 | **226.00** |

**आवंटित राशि – दो करोड़ छब्बीस लाख मात्र।**

---

2. आवंटित राशि वर्ष 2016–17 के बजट उपबंध **रू० 4500.00 लाख (पैतालीस करोड़) मात्र** के अंतर्गत है।

3. आवंटित राशि के निकासी की प्रक्रिया एवं शर्तें वित्त विभागीय स्थायी अनुदेश का पत्रांक 2561 वि० (2) दिनांक 17.04.98, 1800 (वि०) दि० 15.07.2003 एवं 1363 दि० 09.05.2016 के आलोक में होगा।

4. आवंटित राशि का व्यय प्रशासनिक स्वीकृति में वर्णित शर्तों का अक्षरशः पालन करते हुए तकनीकी स्वीकृति, स्वीकृत वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत परिशिष्ट 1 पर वर्णित कार्यों के अनुरूप किया जायेगा।

5. संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता अपने परिक्षेत्राधीन कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा स्वयं करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय निर्धारित नियमों के अनुरूप हो।

6. राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र/चेक पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा इस प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि का उल्लेख करना होगा, जिसके आधार पर संबंधित विपत्र/चेक में निहित राशि की निकासी की जा रही है। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी विपत्र/चेक पर अंकित करना होगा कि विपत्र में निहित राशि बजट उपबंध तथा आवंटित राशि के अधीन है और राशि की निकासी के लिए संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वयं सक्षम पदाधिकारी है। प्रत्येक विपत्र/चेक के साथ संबंधित आवंटन आदेश की अभिप्रमाणित प्रति निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी।

7. सरकारी नियम/अधिनियम यथा वन संरक्षण अधिनियम 1980 आदि का उल्लंघन नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाय।

(ओंकार नाथ)
सहायक अभियंता

(मुक्ति साधन चौरसिया)
उप सचिव (अभि०)

8. आवंटित राशि से दायित्व का भुगतान या अन्य मद में व्यय बिना अनुमति के नहीं किया जाय।

9. जिस शीर्ष के अंतर्गत उपर्युक्त राशि आवंटित की जा रही है, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उसी शीर्ष के अंतर्गत भारित करेंगें। प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी पूर्णतः सुनिश्चित हो लेंगें कि इकाईवार व्यय की सीमा किसी भी परिस्थिति में संबंधित इकाई के अंतर्गत आवंटित राशि से अधिक नहीं हो, अन्यथा अधिकाई व्यय की पूरी जवाबदेही संबंधित पदाधिकारी पर होगी।

10. बिहार वित्तीय नियमावली (भाग–1) के नियम 473 एवं 475 में विहित निदेश/वित्तीय नियमावली बजट मैनुअल/सचिवालय अनुदेश तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में विहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा।

11. प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित शीर्षान्तर्गत हुए व्यय का सत्यापन नियमानुसार त्रैमासिक रूप से महालेखाकार रॉची के साथ निश्चित रूप से कराते रहेंगे तथा व्यय प्रतिवेदन एवं सत्यापन विवरणी विभाग को समर्पित करेंगे।

12. विभिन्न इकाई मदों में आवंटित राशि से यदि राशि बच जाती है तो उसका **इकाईवार प्रत्यर्पण 31 जनवरी 2017 तक** निश्चित रूप से कर देंगे। साथ ही यदि किसी ईकाई में आवंटित राशि का तत्काल व्यय संभव न हो तो अतिरेक राशि का यथाशीघ्र प्रत्यार्पण कर दिया जाय। **राशि का प्रत्यार्पण, Online उप शीर्षवार किया जाय एवं** पूर्ण प्रत्यार्पण प्रतिवेदन **Hard Copy** में **Access No** तथा **Revoke No** का भी आवश्यक रूप से उल्लेख करते हुए उपलब्ध कराया जाय।

**नोट : आवंटित राशि को Online Allotment System द्वारा निर्गत किया जा चुका है जिसका Access no परिशिष्ट–1 के स्तंभ–12 में अंकित है। यह आवंटनादेश जल संसाधन विभाग के वेब साईट (http://www.wrdjharkhand.nic.in) पर भी उपलब्ध है।**

**अनुलग्नक–यथोक्त्।**

(सुखदेव सिंह)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :– 69 रॉची, दिनांक :– 27-06-16

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (लेखा एवं हक०) झारखण्ड पो०– **हिनू, रॉची/कोषागार पदाधिकारी, राँची/डोरण्डा/खूँटी/चाईबासा/जमशेदपुर/पू०सिंहभूम** सहित राज्य के सभी कोषागार एवं उपकोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनुलग्नक–यथोक्त्।**

(सुखदेव सिंह)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :– 69 राँची, दिनांक :– 27-06-16

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, वित्त विभाग/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित उपायुक्त,/सचिव योजना एवं विकास विभाग/ आंतरिक वित्तीय सलाहकार जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता (मो०) रॉची/अभियंता प्रमुख –**I** एवं **II** जल संसाधन विभाग /संयुक्त सचिव (अभि०)/उप सचिव (अभि०) जल संसाधन विभाग को पॉच प्रति/प्रशाखा–7 को दस अतिरिक्त प्रतियों में/सांख्यिकी पदाधिकारी जल संसाधन विभाग/ प्रधान सचिव के सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची/वेब सूचना प्रबंधक, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनुलग्नक–यथोक्त्।**

| | | |
|---|---|---|
| (ओंकार नाथ) | (मुक्ति साधन चौरसिया) | (सुखदेव सिंह) |
| सहायक अभियंता | उप सचिव (अभि०) | **प्रधान सचिव** |

पत्रांक – 69 /रॉची, दिनांक – 27-06-16 परिशिष्ट – 1

मॉग संख्या–50–जल संसाधन विभाग (लघु सिंचाई प्रभाग)
मुख्य शीर्ष – 4702 लघु सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय
लघु शीर्ष –796–जन जातीय क्षेत्रीय उपयोजना,
उपशीर्ष – 20–पुरानी लघु सिंचाई योजनाओं का सम्पोषण एवं पुनर्स्थापन कार्य
विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण, 45–निर्माण कार्य, विपत्र कोड–50P470200796200545
बजट उपबंध (वर्ष 2016–17) रू॰ 4500 लाख (पैतालीस करोड़) मात्र।

(राशि लाख में)

| क्र॰ | कार्यालय का नाम | जिला | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग | प्रशासनिक स्वीकृति का राशि | मार्च 2016 तक व्यय | वित्तीय वर्ष 2016–17 में आवंटन: पूर्व का आवंटन | अतिरिक्त आवंटन | कुल आवंटित राशि | On-line Allotment Access No. | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | लघु सिंचाई प्रमण्डल, खूँटी (RNCIRRK01) | खूँटी | मुरहू | पेलोल मध्यम सिंचाई योजना | 67/15-16 18.03.16 | 58.145 | 0.00 | 0.00 | 24.00 | 24.00 | 40282 | |
| | | | | | | | योग | 0.00 | 24.00 | 24.00 | | |
| 2 | लघु सिंचाई प्रमंडल, चाईबासा (SGHMIR002) | चाईबासा | खूंटपानी | कैदाडेम का जीर्णोद्धार | 67/15-16 18.03.16 | 19.450 | 0.00 | 0.00 | 102.00 | 102.00 | 40289 | |
| 3 | | | | जानूमबेडा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 90.527 | 0.00 | | | | | |
| 4 | | | | गजरा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 33.405 | 0.00 | | | | | |
| 5 | | | | राजाबांध मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 31.874 | 0.00 | | | | | |
| 6 | | | चक्रधरपुर | रोबगा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 39.209 | 0.00 | | | | | |
| 7 | | | | धनगांवा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 26.091 | 0.00 | | | | | |
| | | | | | | | योग | 0.00 | 102.00 | 102.00 | | |
| 8 | लघु सिंचाई प्रमंडल, जमशेदपुर (JSRMIR001) | पूर्वी सिंहभूम | चाकुलिया | लोधाशोली मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | 67/15-16 18.03.16 | 55.190 | 0.00 | 0.00 | 100.00 | 100.00 | 40292 | |
| 9 | | | बहरागोड़ा | गौरी शोल मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 44.950 | 0.00 | | | | | |
| 10 | | | पटमदा | नूतनडीह मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 58.060 | 0.00 | | | | | |
| 11 | | | बोड़ाम | शुक्ला मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 22.772 | 0.00 | | | | | |
| 12 | | | बोड़ाम | बड़ासुसनी मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 26.441 | 0.00 | | | | | |
| 13 | | | बोड़ाम | रूपसान मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 26.663 | 0.00 | | | | | |
| 14 | | | बोड़ाम | डागडुग मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | | 14.588 | 0.00 | | | | | |
| | | | | | | | योग | 0.00 | 100.00 | 100.00 | | |
| | | | | | | | कुल योग | 0.00 | 226.00 | 226.00 | | |

आवंटित राशि – ₹ दो करोड़ छब्बीस लाख मात्र।

(ओंकार नाथ)
सहायक अभियंता

(मुक्ति साधन चौरसिया)
उप सचिव (अभि॰)

(सुखदेव सिंह)
प्रधान सचिव